बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि॰सं॰– 34/2014 (इलेक्ट्रिकल अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी) के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि प्रारंभिक रूप से अर्हित (Eligible), औपबंधिक रूप से अर्हित (Provisionally Eligible) एवं अनर्हित (Ineligible) उम्मीदवारों की सूची (विलम्ब से प्राप्त आवेदनों की सूची सहित) आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित की जा रही है। यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रारंभिक/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की अंतिम अर्हता के सम्बन्ध में विभिन्न अर्हता शर्त्तों की पूर्ण समीक्षा के बाद अंतिम निर्णय आयोग द्वारा यथा सम्भव लिया जायेगा। अनर्हित उम्मीदवारों को अलग से अस्वीकृति पत्र नहीं भेजे जाएँगे। सूची में अनर्हित उम्मीदवार को कोई आपत्ति हो, तो अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में विज्ञापन में आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 23.09.2014 तक निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ अपना अभ्यावेदन अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या आयोग के e-mail आई॰डी॰– bpscpat-bih@nic.in के माध्यम से दिनांक 15.06.2016 तक दे सकते हैं। उसके बाद प्राप्त होने वाले अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। लिखित परीक्षा हेतु कार्यक्रम अलग से शीघ्र प्रकाशित किए जाएँगे।

2/6/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना